# तीव्र पुरुषार्थ - 25

**अव्यक्त बापदादा :-**

➳ _ ➳ **<u>जो आधारमूर्त हैं उनके संकल्प में समर्थ नहीं तो समय के परिवर्तन में भी कमजोरी पड़ जाती।</u>** इस कारण जितना-जितना समय समर्थ बनेंगे उतना ही सृष्टि के परिवर्तन का समय समीप ला सकेंगे। ड्रामा अनुसार भले निश्चित है लेकिन वह भी किस आधार से बना है? आधार तो होगा ना। तो आधारमूर्त आप हो। अभी तो आप सभी की नजरों में हो।

➳ _ ➳ चैलेंज की है ना 4 वर्ष की! जब यह बातें सुनते हो तो थोड़ा-बहुत संकल्प चलता है कि - अगर सचमुच नहीं हुआ | तो, यह भी हो सकता है कि 4 वर्ष में ना हो-यह संकल्प रुप में नहीं चलता है?| सामना कर लेंगे वह दूसरी बात है। इसका मतलब यह संकल्प में कुछ है तब तो आता है ना। बिल्कुल पक्का है कि 4 वर्ष में होगा? अच्छा, समझो आप लोगों से कोई पूछते हैं कि विनाश न हो तो क्या होगा? फिर आप क्या कहेंगे? जिस समय समझाते हो तो यह स्पष्ट समझाना चाहिए-ऐसे नहीं 4 वर्ष में कम्पलीट विनाश हो जावेगा। नहीं, 4 वर्ष में ऐसे नजारे हो जावेंगे जिससे लोग समझेंगे कि बरोबर यह विनाश हो रहा है, विनाश शुरु हो गया। एक बात सहज लग गई तो दूसरी बातें भी सहज लगेंगी ही। विनाश में भी समय तो लगेगा। स्वयं सम्पूर्ण हो जावेंगे तो कार्य भी सम्पूर्ण होगा कि सिर्फ स्वयं सम्पूर्ण होंगे?

➳ _ ➳ एडवांस पार्टी का तो अपना कार्य चल रहा है। लेकिन वह भी आपकी स्थिति एडवांस में जाने लिये रुके हुए हैं। उनका कार्य ही आपके कनेक्शन में चलना है। सारे कार्य का आधार विशेष आत्माओं के ऊपर है। (02/08/1972)

---

➢➢ Types Of Support

- ➳ _ ➳ Phyiscal Support
  - → किसी की शारीरिक सेवा
- ➳ _ ➳ Moral Support
  - → सहानुभूति , संवदेना
  - → Appreciate करना
  - → उमंग उत्साह दिलाना
- ➳ _ ➳ Social Support
- ➳ _ ➳ Life Support
- ➳ _ ➳ Catalyst Support
  - → उत्प्रेरक
    - ▪ अपने पुरुषार्थ और सेवाओं से विश्व परिवर्तन के कार्य को फ़ास्ट कर दें
- ➳ _ ➳ Vibrational Support

→ The Most Powerful Support

---

## ➢➢ आधारमूरत आत्माएं

➳ _ ➳ जिन आत्माओं का एकमात्र आधार बाप है... वही आत्माएं संसार के लिए आधारमूरत बन सकती हैं

---